6 साल बेमिसाल
सामाजिक गतिविधियों का लेखा जोखा
सबसे पहले सबसे तेज

मासिक कुमावत इंडिया

कुमावत प्रगति ट्रस्ट की सामाजिक पत्रिका

Email : kumawatindiapatrika@gmail.com
Website : www.kumawatindiapatrika.in

वर्ष-7 | अंक-2 | सितम्बर-2023 | पृष्ठ-32 | मूल्य : ₹ 20.00

रजि. सं. 2005/175

मास्टर भौंरीलाल वर्मा चेरिटेबल ट्रस्ट

30, नवल निकुंज, पंचवटी जेडीए कॉलोनी, गुर्जर की थड़ी, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर

स्व. मास्टर भौंरीलाल वर्मा (देवतवाल)

(14 सितम्बर 1914-24 सितम्बर 1983)

चिरस्मरणीय समाज सेवी, बहुमुखी, बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी एवं कुमावत समाज के अग्र पुरुष स्व. श्री भौंरीलाल वर्मा (मास्टरजी) की स्मृति को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए उनकी **109वीं जयन्ती** पर ट्रस्ट ने कच्ची बस्तियों में कचरा बीनने, भीख मांगने एवं अभद्र भाषा बोलने वाले नन्हें-मुन्हे जरूरतमंद बच्चों को सभ्य, साक्षर एवं संस्कारित कर देश की मुख्य धारा से जोड़ने का अथक एवं सफल प्रयास किए जाने की अनूठी पहल की है।

ट्रस्ट की प्रमुख गतिविधियां

(1) प्रतिवर्ष छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करना।

(2) आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को अग्रिम अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति प्रदान करना।

(3) श्रीमती लक्ष्मी स्मृति पुस्तकालय के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पुस्तकीय सहायता करना।

(4) स्व. मास्टर जी की जयन्ती 14 सितम्बर को स्मृति व्याख्यान आयोजित करना एवं समारोह की विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान करना एवं छात्रवृत्ति वितरण करना।

(5) समाज सेवा एवं शैक्षणिक उन्नयन हेतु अन्य कार्यक्रमों का आयोजन।

किशोर कुमार देवतवाल
संरक्षक
मो.: 7877095052

रामजीलाल तोंदवाल
अध्यक्ष
मो.: 9828130256

रामचन्द्र वर्मा
उपाध्यक्ष
मो.: 9672750188

धीरज वर्मा
कोषाध्यक्ष
मो.: 9929442200

रविकान्त वर्मा
मंत्री
मो.: 9983314170

कुमावत प्रगति ट्रस्ट

पता : एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018

अध्यक्ष	:	रमेश कुमावत (गेदर)	मो. 9414554322
उपाध्यक्ष	:	रामप्रकाश कुमावत एडवोकेट	मो. 9887440666
सचिव	:	श्रीमती भारती तोंदवाल	मो. 9414810584
कोषाध्यक्ष	:	लक्ष्मी नारायण घोड़ीवाल	मो. 9549656438
सदस्य ट्रस्टी	:	सुरेन्द्र कुमार वर्मा (नागा)	मो. 9414994006
		सी.एम. कुमावत (बड़ीवाल)	मो. 9829056063
		हेमचन्द खड़गटा	मो. 9351682036
		रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)	मो. 9414074376
		जयकिशन सोकिल	मो. 9829125428
		चेतन बालोदिया	मो. 9414052736
		मोहन लाल कुमावत	मो. 9887557425
सलाहकार	:	गिरधारी लाल सिंघनवाल	मो. 9414263429

सम्पादक मण्डल : रामप्रकाश कुमावत (मारवाल) सम्पादक - 9414074376, जयसिंह गुड़ीवाल सह-सम्पादक 9461343432, गौरव अजमेरा 9829488824, प्रमोद कुण्डलवाल 9414362169, मनीष कुमावत 9660702083, रमेश तोंदवाल 9460870125 रवि कुमावत 9829600411 **पदेन सदस्य :** अध्यक्ष, सचिव एवं प्रकाशक।

व्यवस्थापक मण्डल : महेश चन्द जलान्धरा 9828118789, लालचन्द धुंधारिया 9413335998, सुरेन्द्र मारोठिया 9314820385, राजेश धुंधारिया 9314506330, राजेश कुमावत (मरोडिया) 9829097496, श्रीमती राजबाला बिर्थला 7976475370, अशोक कुमावत -9352070394, श्रीमती शशि कला बालोदिया तथा मुकेश कारगवाल 9828606056, राजसिंह बधानिया 9414238799 **उप-कोषाध्यक्ष :** खेमचंद खड़गटा 9829140629 **विधि सलाहकार :** राकेश कुमावत एडवोकेट 9829152561 विशेष आमंत्रित सदस्य : मनोज सिरस्वा।

पत्रिका सहयोगी :

छत्तीसगढ़ : रमेश कुमार तुनवाल **मो. 9425234397 दिल्ली :** राधेश्याम घासोलिया **मो. 9818711580 सूरत :** शुभकरण किरोड़ीवाल **मो. 9898097444 वापी :** कृष्णगोपाल **मो. 9824892299 मुम्बई :** विजय किरोड़ीवाल, **मो. 9867177188 जींद (हरियाणा) :** बलवीर सिंह वर्मा **मो. 9355322301 कोटा :** चन्द्र प्रकाश कांकर **मो. 9214983402 सीकर :** रामगोपाल भोड़ीवाल **मो. 9610784657 उदयपुर :** घनश्याम पटवा **मो. 9460913044,** जगदीश मामोडिया **मो. 9024805687 ब्यावर :** नरेन्द्र आर्य **मो. 8107944493 बगरू :** चेनसुख बड़ीवाल **मो. 9929012957 सांगानेर :** सोहनलाल अजमेरा **मो. 9636860812 इंदौर :** नेमीचंद कारवाल **मो. 9993998645 किशनगढ़ :** प्रभुदयाल तुनगरिया **9680931428**

प्रोसेसिंग व मुद्रक : राज ब्लॉक्स, चौड़ा रास्ता व 22 गोदाम, जयपुर

सदस्यता शुल्क रु. : विशिष्ठ संरक्षक- 5000, संरक्षक-3000, 10 वर्षीय-1300 एवं 5 वर्षीय-650

विज्ञापन दरें : अंतिम कवर पृष्ठ-3500, कवर पृष्ठ अन्दर, 3000, अन्दर 1 पृष्ठ-2500, 1/2 पृष्ठ-1300, 1/4 पृष्ठ-700

नोट 1 : संरक्षक सदस्य को आजीवन (25 वर्ष) तक पत्रिका प्रेषित व 1 बार मय फोटो परिचय प्रकाशन, विशिष्ठ संरक्षक का आजीवन पत्रिका व प्रत्येक अंक में 10 वर्ष तक नाम का प्रकाशन।

नोट 2. 12 विज्ञापन निरन्तर देने पर 2 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किये जायेंगे। 6 विज्ञापन निरन्तर देने पर 1 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किया जायेगा।

बैंक खाता : कुमावत प्रगति ट्रस्ट, संख्या 13850110020562 यूको बैंक, गांधी सर्किल, जयपुर, IFS Code : UCBA0001385

यदि राशि सीधे बैंक खाते में स्लिप/ऑनलाइन जमा कराई गई है तो कृपया व्हाट्सएप नं. 9549656438 पर रसीद प्रेषित करें।

स्वत्वाधिकार : कुमावत प्रगति ट्रस्ट के लिए प्रकाशक, मुद्रक सी.एम. कुमावत द्वारा राज ब्लॉक्स, बी-81, करतारपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018 से प्रकाशित सम्पादक राम प्रकाश कुमावत (मारवाल)

सम्पादकीय

सामाजिक संगठनों में एक समाज में विभिन्न संस्थाएं अपने मान्य तथा पूर्व निश्चित उद्देश्यों व नियमों के अनुसार मिलजुल कर कार्य करती है तथा अपने-अपने निर्धारित कार्यों के अनुसार क्रियाशील रहती है। इसके सदस्यों के बीच कार्य का बंटवारा होता है जिनके आधार पर हर व्यक्ति अपनी भूमिका का निर्वाह करता है इससे सामाजिक व्यवस्था बनी रहती है। प्रत्येक समाज में सामाजिक संगठन है जो अपने समाज के उत्थान हेतु प्रयासरत रहते हैं साथ ही समाज की कुरीतियों व समस्याओं का निवारण करते हैं।

कुमावत समाज में अनेक संगठन समाज को योगदान दे रहे हैं। जयपुर में कुमावत समाज की दो सामाजिक संस्थाओं जिसमें कुमावत क्षत्रिय विकास समिति, टोंक फाटक और कुमावत क्षत्रिय समाज विकास समिति, मालवीय नगर में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार हाल ही में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। खुशी की बात यह रही कि कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित हुई। सर्वप्रथम निर्वाचित कार्यकारिणीयों को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। **मालवीयनगर में प्रथम बार महिला अध्यक्ष श्रीमती भारती तोंदवाल निर्वाचित हुई है व कार्यकारिणी में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 33% है।** यह महिला सशक्तिकरण की अच्छी पहल है। संसद से पहले मालवीय नगर ने ऐसा कर दिखाया है।

निकट भविष्य में जैसे राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश विधानसभाओं के चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं। इन चुनावों में सभी राजनैतिक दलों के टिकिट बटवारे में कुमावत समाज के प्रतिनिधियों को टिकिट दिये जाने चाहिए। पर पूरे समाज को प्रयास करना होगा।

आज हम भारी चमक को पाने की अंधी दौड़ में आंतरिक संतोष आत्मिक प्रगति हुआ आध्यात्मिक विकास को भूल बैठे हैं। इस दौड़ में दिलों की दरिद्रता और भावनाओं की रिक्तता ही हमारे हिस्से में आई है, जिसे हम चारों ओर महसूस कर रहे हैं। यह ठीक है कि हम सुख-संपन्नता की ओर बढ़े हैं किंतु उसी अनुपात में परस्पर आपसी प्रेम व विश्वास में कमी आई है। एक दूसरे के प्रति संदेह और कठोरता जैसी नकारात्मकता बढ़ी है। आज देश में अनीति, अन्याय, असहनशीलता और अविश्वास व्याप्त है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि मनुष्य के अंतरंग में देवी और आसुरी शक्तियां दोनों ही कार्य करती है। आसुरी वृत्तियां अर्थात नकारात्मक शक्तियां हमें नीचे गिराती है व पतन की ओर ले जाती हैं। क्यों ना हम **इस नवरात्र पर्व से हमारे अंतरंग में व्याप्त आसुरी शक्तियों को जड़ से खत्म करने की शुरुआत करें** इस बाहरी दिखावे व चमक की दौड़ और आडंबर से दूर होने की कोशिश करें। नवरात्रि एक साल में चार बार आती है लेकिन चैत्र और शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व है। हिंदू नववर्ष की शुरुवात चैत्र नवरात्रि से माने जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शारदीय नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती है, उनके आने की खुशी में इन 9 दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ नया व्यापार, ग्रह प्रवेश, शुभ कार्य करने का प्रचलन है। हमें इस पवित्र पर्व पर स्वयं के चरित्र में व्याप्त बुराइयों को सदैव के लिए खत्म करने के शुरुआत करनी चाहिए जिससे कि हमारे जीवन में सुख-शांति हो तथा परिवार व समाज में समृद्धि का प्रसार हो।

नवरात्रि एवं **दशहरा** पर्व की सभी को **हार्दिक शुभकामनाएं।**

- रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)

हमारी वेवबसाइट www.kumawatindiapatrika.in पर आप 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के पिछले अंक व अन्य विवरण देख सकते हैं।

सम्पादकीय	3	राजस्थान चैप्टर, जयपुर द्वारा श्री ओम प्रकाश कुमावत सम्मानित	11
विशिष्ट संरक्षक : श्री ओमप्रकाश वर्मा	4	बधाई संदेश	12
मुकेश वर्मा का सम्मान	5	महाशक्ति की आराधना का पर्व : नवरात्रि	13
भारती तोंदवाल अध्यक्ष निर्वाचित, महिला सशक्तिकरण की पहल	6	राजसमंद कुमावत महिला मण्डल गठित	13
सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा द्वारा राजनीतिक चिंतन व विचार गोष्ठी	6	मातृशक्ति की स्थिति और आवश्यक विचार	14
डूंगरराम गैदर कांग्रेस स्ट्रेटेजिक कमेटी के सदस्य मनोनीत	7	राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पर अमरचंद कुदीवाल मनोनीत	15
खेमराज कुमावत बने LIC में विकास अधिकारी	7	संजीव वर्मा प्रदेश युवा अध्यक्ष, श्रीमती भारती वर्मा अध्यक्ष मनोनीत	15
भारत के बढ़ते कदम	7	श्री अकिंचन जी द्वारा 886वीं श्रीमद्भागवत कथा	15
मुकेश वर्मा द्वारा कांग्रेस पर्यवेक्षक को टिकिट हेतु आवेदन दिया	8	राजनैतक व्यक्तित्व : श्री ललित जालवाल	16
गोपाल लाल कुमावत शिक्षक संघ शाहपुरा		बधाई विज्ञापन	17
के जिलाध्यक्ष निर्वाचित	8	श्री ललित कुमावत (जालवाल)	18
संजय कुमावत ओबीसी प्रदेश सचिव नियुक्त	8	ओम प्रकाश कुमावत का जयपुर आगमन पर स्वागत	18
दांतारामगढ़ में प्रतिभा सम्मान समारोह	8	स्थायी पता	19
त्रिवेणी धाम में 2 अक्टूबर को प्रतिभा सम्मान समारोह	8	'तुम्ह सन सहज सनेह'	20
तिगरिया में 60 प्रतिभाओं का सम्मान	8	बरकत नगर टोंक फाटक, जयपुर में निर्वाचित उम्मीदवार	20
विजय कुमावत को स्वदेश भारत गौरव सम्मान	8	रिंकू कुमावत ने तीन मिमी. का अशोक स्तम्भ व गणेश जी की मूर्ति बनाई	20
प्रभुदयाल तूनगरिया का दोहरा सम्मान	9	कविता : माँ से शिकायत	20
बसंत पंचमी पर चित्तौड़ में सामूहिक विवाह	9	संस्कार : श्रेष्ठ समाज की पहचान	21
सामाजिक बुराइयों की समाप्ति के लिए शपथ ली	9	सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों में महिलाओं की भागीदारी ?	22
पूजा कुमावत ने चीन में जीता कांस्य	9	गुरुनानक देव की पुण्य तिथि 22 सितम्बर पर विशेष	23
गिद्ध चित्रकला प्रतियोगिता में धनराज तृतीय रहे	9	बदलते मौसम में रखे अपनों का ख्याल	23
आयशा ने लिखी पुस्तक The Future 2070	10	कविता : माँ मेरा क्या कसूर	23
पवन कुमावत भारतीय टीम में चयनित	10	विशिष्ट संरक्षक सूची व श्रद्धांजलि	24
जेसिका कुमावत का चयन सीएलएटी-2023 में हुआ	10	विवाह योग्य युवक-युवतियों की सूची	25
रविन्द्र मंच पर सिद्धार्थ कुमावत के निर्देशन में खेला गया नाटक बार्किंग डॉग	10	आवश्यक सूचनाएं व पत्रिका नहीं मिलने पर सम्पर्क सूत्र	26
टीम: चेतन धुंधारिया द्वारा क्षय रोगियों को वितरित किया गया पोषक आहार किट	11	रक्तदान, चिकित्सा जांच तथा प्रतिभा सम्मान समारोह	29

विशिष्ट संरक्षक

श्री ओमप्रकाश वर्मा (कुमावत)

ए टावर 201, क्रिमशन पैलेस, श्रीराम मार्बल के सामने,
अलथाण रोड, सूरत, गुजरात-395017, मो. 9898507466

श्री ओमप्रकाश मालीराम वर्मा (कुमावत) बड़मुंडा का जन्म 10 अप्रेल 1957 को श्री मालीराम बडमुंडा के परिवार में श्रीमाधोपुर, जिला सीकर, राजस्थान में हुआ। आपने मेट्रिक तक शिक्षा ग्रहण की है। आपने अपने केरियर की शुरुआत 18 जून 1973 को गुजरात के गांधीनगर से की। आपने ठेकेदारी पिताजी के पास रहकर सीखी। आपका विवाह 30 अप्रैल 1980 को श्री मनोहरलाल ठेकेदार (तुनवाल) की सुपुत्री पार्वती वर्मा, भीलवाडा से हुआ। 15 जून 1980 से ये सूरत आ गये और यहां ठेकेदारी की शुरुआत की। आपके परिवार में एक बेटा व दो बेटियां है। बेटा योगेश कुमार वर्मा सूरत, गुजरात गवर्नमेंट में इन्जीनियर है। बड़ी बेटी मीनाक्षी वर्मा एलएलबी, का ससुराल झुंझुनूं, राजस्थान में है। छोटी बेटी कविता वर्मा सूरत में इंटीरियर डिजाइनर है।

आपने जिन्दगी में बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं किन्तु मृदु स्वभाव तथा दृढ निश्चय से जीवन में सफलता की पायदान चढते रहे है। आप सूरत की राजनीति में भी सक्रिय रहे हैं, सूरत शहर जिला सचिव के पद पर लगातार तीन टर्म तक काम किया तथा समाज के विभिन्न संगठनों में आपने सेवाएं दी है। आप 4 जून 2023 को भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा रजि. के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किए गये है। 'कुमावत इंडिया' परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

हार्दिक बधाई

श्रीमती भारती तोंदवाल

कुमावत क्षत्रिय समाज विकास समिति,
मालवीय नगर, जयपुर
के निर्विरोध अध्यक्ष बनने तथा
सर्वकुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि.) की
प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर
हार्दिक बधाई

शुभेच्छु

खेमचंद खड़गटा
उप-कोषाध्यक्ष, कुमावत इंडिया पत्रिका
मो. : 9829140629

विज्ञापन

'कुमावत इंडिया' पत्रिका के 6 वर्ष पूर्ण होने पर समारोह

मुकेश वर्मा का 'कुमावत इंडिया' पत्रिका द्वारा सम्मान

'कुमावत गाथा' का 7वें वर्ष के प्रथम अंक में प्रकाशन, मुकेश वर्मा द्वारा विमोचन

20 अगस्त, 2023 को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका द्वारा प्रकाशन के 6 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित समारोह में **श्री मुकेश वर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।** 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के 7वें वर्ष के प्रथम अंक का इस अवसर पर श्री मुकेश वर्मा द्वारा विमोचन किया गया। इस अंक में **कुमावत गाथा** का रंगीन पृष्ठों में सचित्र प्रकाशन किया गया है जिसमें कुमावत समाज के सदस्यों द्वारा बनाई गई ऐतिहासिक इमारतों का वर्णन किया गया है। जिन्हें देखने के लिए देश-विदेश से अनेक पर्यटक आते हैं तथा इन्हें देखकर दांतों तले उंगली दबा लेते हैं कि कैसे उस समय जब तकनीक इतनी विकसित नहीं थी इन इमारतों : गढ़/किले, महलों, मंदिरों तथा सार्वजनिक महत्व की ईमारतों का निर्माण हुआ। कुमावत गाथा को तैयार कराने का श्रेय भी श्री मुकेश वर्मा को है। समारोह में 'कुमावत इंडिया' पत्रिका अगस्त अंक का वितरण किया गया। सभी आगन्तुकों ने इस अंक की प्रशंसा की।

स्थापत्य कला बोर्ड के गठन की अधिसूचना हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा जारी की गई है। इसके गठन में भी श्री मुकेश वर्मा की मेहनत व लगन है जिससे यह असंभव कार्य भी संभव हो पाया है। श्री मुकेश वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि स्थापत्य कला बोर्ड के पदों पर केवल कुमावत ही नियुक्त हो सकते हैं तथा इसका क्षेत्र बहुत ही विस्तृत है। राजनीतिक दलों से आगामी विधानसभा चुनावों में समाजजनों को टिकिट के बारे में उन्होंने बताया कि समाज के लोग अपने क्षेत्र में कार्य करके लोगों के दिलों में स्थान बनाए तथा जिताऊ उम्मीदवार बनें तो कोई भी पार्टी उसे टिकिट देने के लिए स्वयं आएगी। **श्री मुकेश वर्मा** द्वारा किए गए विशिष्ट कार्यों के लिए **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका परिवार ने गणमान्य समाजजनों की उपस्थिति में उन्हें सम्मानित किया।

कुमावत क्षत्रिय समाज विकास समिति, मालवीय नगर, जयपुर के चुनाव

भारती तोंदवाल अध्यक्ष निर्वाचित, महिला सशक्तिकरण की पहल

कुमावत क्षत्रिय समाज विकास समिति, मालवीय नगर, जयपुर के द्विवार्षिक चुनाव में श्रीमती भारती तोंदवाल निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुई, यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अच्छी पहल हुई है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के दम पर बुलन्दी पर है तथा कुमावत समाज में भी महिला प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। श्रीमती भारती एक शिक्षिका एवं मंच संचालक हैं, मालवीय नगर समिति की दो टर्म से उपाध्यक्ष हैं तथा 'कुमावत इंडिया' मासिक पत्रिका की सचिव हैं। इन्होंने अपनी हर जिम्मेदारी को अच्छी तरह निभाया है। हाल ही में सर्वकुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि.) ने इन्हें राजस्थान प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। अब मालवीय नगर समिति में अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व करने तथा नीतिगत निर्णय लेने में महिलाओं की एक तिहाई भागीदारी रहेगी। इनके अलावा निर्वाचित महिला उम्मीदवारों में श्रीमती माया घोड़ीवाल उपाध्यक्ष (महिला), डॉ. प्रिया मारवाल (उपमंत्री) तथा कार्यकारिणी सदस्य CA शशि कुमावत एवं श्रीमती सीमा मारवाल। इतनी तादाद में समाज की किसी भी समिति में महिलाओं को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है।

निर्वाचित अन्य उम्मीदवार हैं-श्री ओम प्रकाश कुलचानिया (उपाध्यक्ष), श्री गौरव अजमेरा (मंत्री), श्री आशुतोष कोलुगरिया (उप-मंत्री), श्री अनिल वर्मा (उप-मंत्री), श्री सुरेन्द्र बाबु घोड़ीवाल (कोषाध्यक्ष), श्री महेन्द्र कोलुगरिया (सह-कोषाध्यक्ष) श्री अजय वर्मा (संगठन एवं प्रचार मंत्री), श्री रमेश चन्द कुमावत (कार्यकारिणी सदस्य) तथा श्री रवि कुमार वर्मा (कार्यकारिणी सदस्य)

जैसे चन्द्रयान-3 कार्यक्रम में महिलाओं ने सफलता के झण्डे गाड़े, वैसे ही श्रीमती भारती तोंदवाल के नेतृत्व में मालवीय नगर समिति सफलता के नवीन मानदण्ड स्थापित करेगी ऐसी सभी को आशा है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार की ओर से सभी निर्वाचित उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना।

सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा द्वारा राजनीतिक चिंतन व विचारगोष्ठी आयोजित

17 सितंबर 2023 को वैशाली नगर जयपुर में सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा द्वारा राजनीतिक चिंतन, विचारगोष्ठी व सामूहिक गोठ का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री निर्मल कुमावत (फुलेरा विधायक), श्री सुरेंद्र जी गोयल (पूर्व कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार), श्री ललित तोंदवाल (संगठन महामंत्री राज प्रदेश कांग्रेस कमेटी), राजस्थान के प्रत्येक जिले से गणमान्य अतिथिगण तथा सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए पधारे। सभी ने राजनेतिक चिंतन किया व विचार गोष्ठी में अपने-अपने अमूल्य विचार रखे।

सभी ने कार्यक्रम की प्रशंसा व सहारना की। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामूहिक गोठ का सभी ने मिलकर आनंद लिया। कार्यक्रम में आए सभी लोगों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा इसे सफल बनाया। महिलाओं की उपस्थिति भी पर्याप्त मात्रा में रही।

डूंगरराम गैदर कांग्रेस स्ट्रेटेजिक कमेटी के सदस्य मनोनीत

सूरतगढ़ –कांग्रेस नेता शिल्प व माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री डूंगर राम गेदर को आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी स्ट्रेटेजिक कमेटी का सदस्य बनाया। श्री गेदर ने स्ट्रेटेजिक कमेटी का सदस्य बनाये जाने पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ,श्रीमति सोनिया गांधी , पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी , सांसद केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा , मुख्यमंत्री अशोक गहलोत , प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा , प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी के प्रभारी गौरव गोगोई, सह प्रभारी गणेश गोदियाल , अभिषेक दत्त, प्रदेश के प्रभारी काजी निजामुदीन , अमृता धवन, वीरेंद्र और जिला अध्यक्ष अंकुर मिगलानी , जिला प्रभारी श्री जिया उर रहमान के साथ साथ पूरी कांग्रेस पार्टी का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को विश्वास दिलवाया है की ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभायेंगे।

श्री गेदर के आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के स्ट्रेटेजिक कमेटी का सदस्य बनाये जाने से उनका राजनीतिक कद बढ़ा है। जन सेवा केन्द्र सूरतगढ़ में उनके समर्थकों ने मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। '**कुमावत इंडिया**' पत्रिका की ओर से भी श्री डूंगरराम गेदर को बधाई।

डूंगरराम गेदर के जन्मदिन पर 2700 यूनिट रक्तदान

राजस्थान के इतिहास मे दूसरा सबसे बड़ा रक्तदान महादान शिविर माननीय डुंगरराम जी गेदर साहब के जन्मदिन पर अग्रसेन भवन, सूरतगढ में 2700 यूनिट रक्तदान किया गया। इससे पहले केवल सचिन पायलट के जन्मदिन पर जयपुर में 3100 यूनिट रक्तदान किया गया था। एक ही शिविर में ये भी रिकार्ड टूट जाता लेकिन जयपुर की मेडीकल टीम व श्रीगंगानगर मेडीकल टीम ने हाथ खड़े कर दिये कि उनके पास इतने ही संसाधन हैं। यह है डूंगरराम जी का जनाधार।

खेमराज कुमावत बने LIC में विकास अधिकारी

फुलेरा: निकटवर्ती ग्राम कचरोदा निवासी खेमराज कुमावत का पक्का इरादा और कड़ी मेहनत ने रंग दिखाते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम में विकास अधिकारी पद पर नियुक्ति लेकर साबित कर दिया कि यदि हमारा इरादा पक्का हो और कड़ी मेहनत से किया गया कार्य सदैव सफलता प्रदान करता है।

जयपुर जिले की काचरोदा ग्राम पंचायत निवासी रतन लाल कुमावत के पुत्र खेम राज कुमावत का भारतीय जीवन बीमा निगम अजमेर डिवीजन के किशनगढ़ में विकास अधिकारी के पद पर चयन हुआ है खेमराज कुमावत ने बताया कि वह पिछले19वर्षो से भारतीय जीवन बीमा निगम के विभिन्न क्लब सदस्यता ग्रहण कर अपनी सेवाए दी और वर्ष 2022-23 की विकास अधिकारी की परीक्षा पास की। खेम राज कुमावत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने विकास अधिकारी वेद प्रकाश कुमावत व अपने माता- पिता को दिया है।

- मुकेश कुमावत, बोराज

भारत के बढ़ते कदम

■ G-20 सम्मेलन आयोजित ■ महिला शक्ति वंदन अधिनियम का बिल पारित

भारत ने **G-20 सम्मेलन** का सफल आयोजन करके दुनिया को नेतृत्व देने तथा अपने एजेण्डा को मनवाने का सफल प्रयास किया है। सभागार **भारत मण्डपम्**, दिल्ली में यह आयोजन हुआ। जिसकी भव्यता देखकर दुनिया के विकसित देश के नेता भी अचंभित थे। सम्मेलन के दौरान भारत ने अपनी कूटनीति का लोहा दुनिया से मनवा लिया तथा दक्षिण अफ्रीका को इस संगठन का 21वां सदस्य बनवाकर अपनी बात मनवाई तथा चीन जैसे बड़े देश को भी अफ्रीकी देशों में अपना प्रभाव रखने में पीछे छोड़ दिया।

सरकार ने हाल ही में संसद का विशेष सत्र बुलाकर पुराने संसद भवन से विदाई ली तथा अगले दिन नए संसद भवन में बैठकर **महिला शक्ति वंदन अधिनियम** का बिल प्रस्तुत कर उसे लोकसभा तथा राज्य सभा से पारित करा लिया। यह लगभग सर्वसम्मति से पारित हुआ जो महिलाओं को लोकसभा तथा विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करता है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार का यह कदम अत्यन्त सराहनीय है।

20 अगस्त 2023 को सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा महिला मोर्चा द्वारा लहरिया उत्सव 2023 बाल निवास, कल्याण जी के रास्ते में बनाया गया जिसमें महिलाओं द्वारा बहुत से सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए महिलाओं द्वारा म्यूजिक चेयर, डांस, झूला बहुत सी गतिविधियों की गई सभी को काफी मजा आया वह सब ने अपने बचपन को याद करके सभी ने साथ मिलकर काफी का आनन्द लिया।

मुकेश वर्मा द्वारा कांग्रेस पर्यवेक्षक को टिकिट हेतु आवेदन दिया

27 अगस्त को श्री मुकेश वर्मा (कुमावत) द्वारा जयपुर पर्यवेक्षक को झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से टिकिट देने हेतु काफिले के साथ जाकर आवेदन पत्र सौंपा गया है। इस क्षेत्र से पहली बार किसी कुमावत द्वारा दावेदारी की गई है। ज्ञातव्य रहे कि श्री मुकेश कुमावत पिछले चुनावों से पहले से ही इस क्षेत्र में जनता के कामों को प्राथमिकता के आधार पर सरकार से कराते रहे हैं। आज मुकेश कुमावत झोटवाड़ा क्षेत्र के जन-जन के नेता जाने जाते हैं। श्री मुकेश कुमावत को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से हार्दिक शुभकामना।

गोपाल लाल कुमावत शिक्षक संघ शाहपुरा के जिलाध्यक्ष निर्वाचित

राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत, जिला शाहपुरा के जिलाध्यक्ष पद पर सभी से राय मशविरा करके श्री गोपाल लाल कुमावत को निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। उन्हे शिक्षकगणों ने माल्यार्पण कर बधाई दी।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से भी श्री गोपाल लाल कुमावत को बधाई।

संजय कुमावत ओबीसी प्रदेश सचिव नियुक्त

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग द्वारा रोजदा गांव निवासी संजय कुमावत को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति से कुमावत समाज ने हर्ष जताया है। 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से संजय कुमावत को हार्दिक बधाई।

दांतारामगढ़ में प्रतिभा सम्मान समारोह

3 सितम्बर, 2023 को कुमावत समाज सेवा समिति दांतारामगढ़ के तत्वावधान में रामगढ़ में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में कक्षा 10 के 160 तथा कक्षा 12 के 140 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया जिन्होंने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए थे। इसके अतिरिक्त बी.एड., बी.टैक, नीट, बीएसटीसी आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं में उत्तीर्ण व 2023 में सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले 65 लोगों को भी सम्मानित किया गया। 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एक मोती उपहार में दिया गया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों को शॉल, पानी की बोतल, डिक्शनरी व हनुमान चालीसा उपहार में दी गई।

इस अवसर पर प्रगतिशील किसान सूण्डाराम वर्मा, ठेकेदार गुरुचरण जलीन्द्रा, कैलाश रावोरिया, मधु कुमावत, सुनील कुमावत, शकुन्तला कुमावत, बसन्त कुमावत, सुभाष भारतीय, डॉ. खेताराम कुमावत, राजेश चेजारा, प्रीतम कुमावत, पी.डी. कुमावत व अनील मारोठिया उपस्थित रहे। ऐसे आयोजनों से समाज के अन्य लोग प्रेरित होते हैं व सम्मानित लोगों का उत्साह बढ़ता है।

विजय कुमावत को स्वदेश भारत गौरव सम्मान

विजय कुमावत फाइन आर्टिस्ट मुम्बई को स्वदेश संस्थान इंडिया, अयोध्या द्वारा स्वदेश भारत गौरव सम्मान 2023 तथा अन्तर्राष्ट्रीय ऑनलाइन समर आर्ट शो-2023 के मास्टर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। विजय कुमावत को **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई।

त्रिवेणी धाम में 2 अक्टूबर को प्रतिभा सम्मान समारोह

श्री क्षत्रिय कुमावत समाज सामूहिक विवाह एवं विकास समिति (रजि.) त्रिवेणी धाम, साईंवाड़, तहसील शाहपुरा, जिला जयपुर द्वारा क्षत्रिय कुमावत समाज धर्मशाला त्रिवेणी धाम में सोमवार, 2 अक्टूबर, 2023 को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन प्रातः 9 से 4 बजे तक किया गया है। इसमें आमेर, शाहपुरा, विराटनगर, कोटपूतली, बहरोड, पावटा, अलवर, निमराणा, अजीतगढ़, श्री माधोपुर, खण्डेला, नीम का थाना, खेतड़ी, चौमूं तथा जमवारामगढ़ तहसील के प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाड़ियों एवं प्रशासनिक व राजकीय सेवा में चयनित समाज प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इसके लिए सत्र-2023 में सैकण्डरी, सीनियर सैकण्डरी में 80 प्रतिशत या अधिक, स्नातक व स्नातकोत्तर में 70 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। इस समारोह में राजकीय सेवा में अक्टूबर 2022 से नियुक्त राज्य /राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

तिगरिया में 60 प्रतिभाओं का सम्मान

ग्राम पंचायत तिगरिया, इटावा भोपजी के द्रोणाचार्य शिक्षण संस्थान में निदेशक राकेश कुमावत (राकुजी) के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमन्त कुमावत चौमूं के आम आदमी पार्टी नेता थे। सम्मान समारोह में 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली 60 प्रतिभाओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों से आह्वान किया गया कि वे सोशल मीडिया से दूर रहें तथा अपना पूर्ण ध्यान पढ़ाई की ओर लगाएं।

प्रभुदयाल तूनगरिया का दोहरा सम्मान

किशनगढ़ तहसील की धरा तथा आसपास के गांव-गांव में योग क्रांति की अलख जगाने, योग के लिये प्रेरित करने तथा प्रतिदिन योग सिखाने के लिए 3-3 निःशुल्क क्लास लगाकर योग के प्रति जाग्रति लाने का कार्य किया है, **श्री प्रभुदयाल तुनगरिया** ने।

श्री तूनगरिया ने एक रिकॉर्ड बनाया है जो काफ़ी चर्चाओं में है। उन्हें **'छोटे बाबा रामदेव'** के नाम से जाना जाने लगा है व अनेक जगह आशीर्वाद व स्नेह मिल रहा है। यह बात किशनगढ़ नगर परिषद की जानकारी में भी आयी तब इन्हे दो जगह सम्मानित किया गया-

1. 77वें स्वाधीनता दिवस समारोह 15 अगस्त 2023 को उपखण्ड अधिकारी श्री रामसिंह गुर्जर, पुलिस उप-अधीक्षक श्री मनीष शर्मा, तहसीलदार श्री शेतानसिंह, नगर परिषद सभापति श्री दिनेशसिंह राठौड़, वि नगर परिषद आयुक्त श्री धर्मपाल जाट द्वारा योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिये सम्मानित किया गया।

2. 10 सितम्बर 23 को किशनगढ़ की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया इसमें भी योग के क्षेत्र में कार्य के लिए प्रभुदयाल तूनगरिया को सम्मानित किया गया।

पूरे भारत में शायद ही ऐसा कोई उदाहरण हो जिसने कुमावत समाज के नाम को इस क्षेत्र गौरवान्वित किया हो। श्री प्रभुदयाल कुमावत ने समाज के गौरव को बढ़ाया है, किशनगढ़ में इस क्षेत्र समाज का व्यक्ति का सम्मानित होना गर्व की बात है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार की ओर से श्री प्रभुदयाल तुनवाल को नगर परिष्ज़द से मिले दोहरे सम्मान के लिए हार्दिक बधाई।

बसंत पंचमी पर चित्तौड़ में सामूहिक विवाह

कुमावत विकास एवं सेवा संस्थान, चित्तौड़गढ़ द्वारा बालचन्द गैदर की अध्यक्षता में मीटिंग हुई जिसमें बसंत पंचमी, 14 फरवरी 2024 को पंचम आदर्श तुलसी एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन ऐतिहासिक एवं भव्यता से करने का सर्वसम्मति से निर्णय भी हुआ। इसमें 31 जोड़ों का विवाह कराए जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह सम्मेलन गांधी नगर, चित्तौड़गढ़ स्थित निर्माणाधीन श्री चारभुजा कुमावत समाज छात्रावास में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के अध्यक्ष श्री जगदीश राजोरा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गैदर, सचिव दिनेश डूंगरवार को मनोनीत किया गया है। अध्यक्ष राजोरा ने समिति का विस्तार कर युवाओं को जोड़ने का कार्य शीघ्र करना बताया। इसके लिए पिछले वर्षों के आधार पर 40 लाख रुपए का बजट पारित किया गया। इस मीटिंग में संस्थान के पूर्व अध्यक्ष रमेश चन्द्र खन्ना, सचिव मदनलाल खनारिया, शिक्षाविद् श्याम सिंह मंडलिया, छात्रावास निर्माण समिति अध्यक्ष किशन लाल धनेरिया आदि गणमान्य समाजजन उपस्थित थे।

सामाजिक बुराइयों की समाप्ति के लिए शपथ ली

कुमावत समाज भवन देवलीकलां में रायपुर क्षेत्र के 18 खेड़ों की आम सभा आयोजित की गई जिसमें खेड़ों के चिट्टीदार व कुमावत समाज देवलीकलां के समाजवासी उपस्थित हुए। इस अवसर पर समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने व नशा प्रवृत्ति को रोकने के लिए राधाकृष्ण भगवान को साक्षी मानकर शपथ ली गई। इस अवसर पर संगठित रहने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा राजनैतिक नेतृत्व को बढ़ाने का भी आह्वान किया गया।

पूजा कुमावत ने चीन में जीता कांस्य

कपासन कॉलेज की छात्रा पूजा कुमावत ने चीन में 5 अगस्त को आयोजित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए 20 किलोमीटर पैदल चाल में कांस्य पदक जीतकर परिवार एवं समाज का नाम रोशन किया है। मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी ने पूजा कुमावत को 3 लाख रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से पूजा कुमावत को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई।

गिद्ध चित्रकला प्रतियोगिता में धनराज तृतीय रहे

2 सितम्बर, 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस पर भारतीय जैव विविधता संरक्षण सोसायटी द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में आर्यन इंटरनेशनल एकेडमी, दांता की 10वीं कक्षा के छात्र धनराज नेमीवाल पुत्र श्री सुरेश नेमीवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

धनराज नेमीवाल को **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना।

आयशा ने लिखी पुस्तक The Future 2070



11 वर्षीया आयशा कुमावत ने अंग्रेजी भाषा में एक पुस्तक The Future 2070 लिखी है। इस पुस्तक में उन्होंने वर्ष 2070 की परिस्थितियों का आंकलन कर वर्णन किया है।

वर्ष 2070 में आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स (AI) अत्यन्त विकसित व उन्नत अवस्था में होगा तथा एक कमांड पर रोबोट आपके निर्देशानुसार सुनकर, समझकर तथा बोलकर आपके कार्य करके सहायता करेगा। आपको एक स्थान से दूसरे स्थान पर पैदल या वाहन से नहीं जाना होगा बल्की इलेक्ट्रोनिक गजेट पर टाईपकर या बोलकर बताना होगा तथा आप कुछ ही क्षणों में ट्रांसपोण्ड हो जायेंगे, है ना मजेदार।

किन्तु आपके आसपास पर्यावरण अत्यधिक दूषित होगा। आसपास पेड़-पौधे व पशु-पक्षी नहीं होंगे, सूरज की रोशनी प्रदूषण के कारण धुंधली आयेगी। चारों ओर औद्योगिकरण के कारण धुँआ ही धुँआ होगा। घर के खिड़की दरवाजे सील्ड किये होंगे, यदि कहीं जरा भी ये अनसील्ड रहे तो घर के अन्दर प्रदूषण इतना अधिक आ जायेगा कि प्यूरिफायर भी उसे साफ करने में विफल हो जाएगा। इससे बीमार होने व मृत्यु होने का खतरा होगा। कार ड्राइव करनी हो तो ऑक्सीजन मास्क पर्याप्त मात्रा में लगाकर ही जाना होगा।

पेड़ नहीं होने से कागज कम व महंगा हो जायेगा तथा शिक्षा ग्रहण के लिए इलेक्ट्रोनिक गजेट ही लगभग एकमात्र उपाय होगा। डिजिटल बुक्स होगी तथा होमवर्क भी डिजिटल तरीके से ही मिलेगा व डिजिटली जांचा जाएगा। शायद हमें शिक्षक भी रोबोट के रूप में ही मिले।

नहाने के लिए पर्याप्त शुद्ध पानी नहीं होगा तथा लोग कैमिकल युक्त अल्ट्रा फेयर स्नान कर प्रदूषण साफ कर लेंगे। शुद्ध पानी से स्नान का आनन्द तो यदाकदा ही ले पायेंगे।

काश! हमारे पूर्वज पर्यावरण को हानि नहीं पहुँचाते तो हमें तब शुद्ध हवा व पानी मिलता। धरती माँ ने हमें वो हर चीज दी है जिससे हम आनन्ददायक जीवन जी सकें तो क्यों धरती की सुन्दरता को खराब किया गया।

लेखिका ने इस धरती माँ के पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक का उपयोग कम करने, कचरे को सही जगह डालने, पेड़-पौधे लगाने, पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करके ग्रीन एनर्जी के उपयोग करने का आह्वान किया है, ताकी हम सभी एक खुशनुमा जीवन जी सके।

इस पुस्तक की लेखिका श्री सूरजमल अनावड़िया निवासी लालकोठी, जयपुर की दोहित्री हैं। छोटी से उम्र में भविष्य की परिस्थिति का आंकलन कर The future 2070 पुस्तक लिखने पर आयशा कुमावत को **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई।

पवन कुमावत भारतीय टीम में चयनित

27 से 30 नवम्बर, 2023 तक वर्ल्ड स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग चैम्पियनशिप का आयोजन हैदराबाद में होगा जिसमें पवन कुमावत का सीनियर कैटेगरी 76 किलो भार वर्ग में भारतीय टीम में चयन किया गया है। इनका चयन हाल ही में उदयपुर में हुई नेशनल चैम्पियनशिप ट्रायल के आधार पर हुआ है। श्री पवन देश के लिए कई पदक पहले ही जीत चुके हैं तथा इस वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए वे कड़ी मेहनत कर रहे हैं। पवन कुमावत का भारतीय टीम में चयन होने पर 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से बधाई तथा वर्ल्ड स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में पदक जीतने के लिए शुभकामना।

जेसिका कुमावत का चयन सीएलएटी-2023 में हुआ

22 विधि विश्वविद्यालयों में बी.ए., एल.एल.बी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु संयुक्त विधि प्रवेश परीक्षा (सीएलएटी)-2023 में ग्राम पीपलिया कलां रायपुर मारवाड़ क्षेत्र की जेसिका कुमावत पुत्री श्री गजेन्द्र कुमावत का चयन हुआ है तथा राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और न्यायिक अकादमी गुवाहटी में प्रवेश मिला है। जेसिका को ग्रामवासियों तथा कुमावत समाजजनों ने बधाई दी है। इनके चयन से समाज की बालिकाओं को प्रेरणा मिलेगी।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से जेसिका कुमावत को चयन पर हार्दिक बधाई।

रविन्द्र मंच पर सिद्धार्थ कुमावत के निर्देशन में खेला गया नाटक बार्किंग डॉग

जयपुर के रविन्द्र मंच पर स्टूडियो थियेटर नाटक बार्किंग डॉग का मंचन हास्य से भरपूर संवादों के साथ रंग प्रीत थियेटर ग्रुप संस्था की ओर से प्रदर्शित किया गया। विशाल विजय द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन सिद्धार्थ कुमावत द्वारा किया गया। इसे 45 दिवसीय नाटय कार्यशाला के दौरान तैयार किया गया था। इस नाटक में आज के परिपेक्ष्य की समस्याओं-सम्प्रेषण विफलता, महानगरों का अकेलापन और सामाजिक दूरी के कारण गौण होती पहचान को हास्यास्पद संवादों के जरिए बखूबी दिखाया गया। नाटक में अभिन्य कलाकारों ने अपने अभिन्य की छाप छोड़ी है तथा दर्शक अपनी हँसी नहीं रोक पाएं।

समय से इलाज व उचित आहार से हो सकता है टीबी का खात्मा टीमः चेतन धुंधारिया द्वारा क्षय रोगियों को वितरित किया गया पोषक आहार किट

जयपुर। टीम चेतन धुंधरिया द्वारा सवाई मानसिंह चिकित्सालय में क्षय रोगियों को पोषण आहार किट वितरित किए गए। क्षय रोग के मरीजों को रोग से संबंधित जानकारी व उपचार की जानकारी दी गई। टीम चेतन धुंधारिया द्वारा क्षय रोगियों को पोषक आहार किट नियमित अंतराल से वितरित किये जाते रहे हैं। डॉ. सुधीर शर्मा जिला क्षय रोग अधिकारी जयपुर ने बताया कि सक्रिय टीबी की बात की जाए तो इस अवस्था में टीबी का जीवाणु शरीर में सक्रिय अवस्था में रहता है। सक्रिय टीबी का मरीज दूसरे स्वस्थ व्यक्तियों को भी संक्रमित कर सकता है। इसके लिए सक्रिय टीबी के मरीजों को चाहिए कि अपने मुंह पर मास्क या कपड़ा लगाकर बात करें और मुंह पर हाथ रखकर खांसना और छींकना चाहिए।

टीम चेतन धुंधारिया के संस्थापक चेतन कुमावत ने कहा कि क्षय रोग की तेजी से पैर पसारने की मुख्य वजह गरीबी व जागरूकता की कमी है। गरीबी की वजह से क्षय रोगी पोषक तत्वों से युक्त भोजन नहीं कर पाते हैं, इससे उनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती हैं, इसके अलावा नशे का आदी हो जाने के कारण भी प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है और क्षय रोग के शिकार हो जाते हैं। ऐसे में क्षय रोग के मरीजों को पोषक तत्वों के सेवन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम को भविष्य में भी निरंतर करते रहेंगे। टीम चेतन धुंधारिया के प्रवक्ता जयसिंह कुमावत ने कहा कि क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार व गोद लेने की पहल टीम चेतन धुंधारिया की गई है। गोद लिए मरीजों को नियमित अंतराल से पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराते रहेगें। जिससे इनके अंदर संक्रमण से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता बढ़े। इस रोग में अधिकांशतः भूख समाप्त हो जाती है, अतः उन्हें हर 2 घंटे के अंतराल पर खाद्य पदार्थों का सेवन करते रहना चाहिए। क्षय रोगियों को घर का बना पौष्टिक आहार जैसे पनीर, अंडा, मिश्रित दलिया, दालें, मूंगफली की बर्फी, लड्डू, बेसन के लड्डू, चिक्की, केला आंवला, पपीता, सहजन, आम, हरी व मौसमी सब्जियों का सेवन अधिक से अधिक मात्रा में करना चाहिए। जिस तरह कोविड-19 के विरूद्ध पूरे देश ने जिस एकजुटता परिचय दिया था इसी तरह 2025 तक देश को क्षय रोग मुक्त करने के लिए देना होगा।

इस अवसर पर डॉ. रविंद्र खत्री, डॉ. नरेश कुमार, जयसिंह कुमावत, संदीप कुमावत, नीतू गैदर, मीना कुमावत, राकेश सोनी, उषा कुमावत, मेघना कुमावत, कुनाल नावरिया व राहुल शर्मा मौजूद रहे।

भारतीय लोक लेखापरीक्षक संस्थान, राजस्थान चैप्टर, जयपुर द्वारा श्री ओम प्रकाश कुमावत सम्मानित

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के संरक्षण में कंसल्टेंट के रूप में कार्यरत भारतीय लोक लेखापरीक्षक संस्थान, राजस्थान चैप्टर, जयपुर द्वारा प्रताप नगर, जयपुर निवासी श्री ओम प्रकाश कुमावत (शेखावाटी अंचल के ग्राम छापोली में जन्मे), सेवानिवृत वरिष्ठ लेखा परिक्षाधिकारी को उनके द्वारा उक्त संस्थान को प्रदत उत्कृष्ठ सेवाओं एवम् अभूतपूर्व सकारात्मक योगदान के फलस्वरूप उनके निवास स्थान पर परिजनों के समक्ष संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

संस्थान के सचिव श्री विनोद पारीक द्वारा माल्यार्पण व दुपट्टा पहनाने के साथ संस्थान को गतिमान व प्रगतिशील बनाए जाने पर श्री ओम प्रकाश कुमावत जी की भूरी भूरी प्रशंशा की व सराहनीय कार्यों के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि भविष्य में भी इनका सहयोग व मार्गदर्शन मिलता रहे। अध्यक्ष श्री प्रभाकर जोशी ने भी श्री कुमावत को निष्ठा एवम् सकारात्मक दृष्टिकोण के प्रति नमन कर उत्तम स्वास्थ व यशस्वी जीवन की मंगलकामना की।

श्री ओम प्रकाश, मालवीय नगर क्षत्रिय कुमावत विकास समिति के उपमंत्री, समाजसेवी एवं मीडिया सलाहकार श्री आशुतोष कुमावत जी के पिता हैं।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार श्री ओम प्रकाश जी को बधाई के साथ खुशहाल भविष्य की कामना करता है।

बधाई संदेश

''कुमावत इंडिया'' पत्रिका द्वारा प्रकाशन के छह वर्ष सफलतापूर्वक सम्पन्न करने तथा सातवें वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में सभी टीम सदस्यों तथा प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से पत्रिका से जुड़े सभी कार्यकारी सदस्यों और सम्पूर्ण समाज को बहुत-बहुत बधाई तथा शुभकामनाएं। आशा है कि यह पत्रिका भविष्य में भी इसी प्रकार उत्तरोत्तर विकास की दिशा में अग्रसर होती रहेगी। इसी कड़ी में 20 अगस्त को पत्रिका परिवार की ओर से वार्षिक समारोह आयोजित किया गया जिसमें 'कुमावत इंडिया' पत्रिका द्वारा 6 सफलतम वर्ष पूर्ण करने पर सभी सदस्यों को बधाई संदेश प्रेषित किया गया तथा सातवें वर्ष की प्रथम पुस्तिका का विमोचन किया गया। इसके अतिरिक्त राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री मुकेश वर्मा जो कि समारोह के मुख्य अतिथि भी थे, उनका सम्मान किया गया। समारोह में समाज के अनेक गणमान्य सदस्य तथा प्रबुद्धजन उपस्थित हुए।

सामाजिक पत्रिकाएं वास्तव में समाज का आईना होती हैं तथा सदैव सम्मान योग्य है। किसी भी समाज की उन्नति तथा विकास में पत्रकारिता का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। अभी हमारे समाज की मुख्यतः दो पत्रिकाएं जयपुर में प्रकाशित की जा रही हैं। उम्मीद है कि आने वाले समय में इनकी संख्या में वृद्धि होगी तथा जो 'कुमावत इंडिया' पत्रिका आज 32 पृष्ठों की प्रकाशित होती है, शीघ्र ही 50 से 60 पृष्ठों की एक मजबूत तथा सर्वाधिक लोकप्रिय पत्रिका के रूप में उभर कर समाज के सामने आएगी। पत्रिका ज्ञान का भंडार होती है। जितनी अधिक पत्रिकाएं समाज में प्रकाशित होती है उतना ही अधिक ज्ञान अर्जित करने का अवसर मिलता है। एक स्वच्छ व स्वस्थ प्रतियोगिता हो, आपसी सौहार्द्र की भावना से पुस्तकों का संचालन हो तो सामाजिक पत्रिकाएं समाज के सर्वाधिक शक्तिशाली स्तम्भ की भूमिका निभा सकती है। इसी के साथ में एक बात और कहना चाहूंगी कि टीम वर्क एक अलग बात है तथा गुटबाजी अलग चीज। किसी भी बड़े कार्य को एक टीम के बिना करना संभव नहीं है। समाज से जुड़े सभी छोटे-बड़े क्रियाकलापों को टीमवर्क द्वारा ही क्रियान्वित किया जा सकता है यह सर्वविदित है मगर जब समाज में गुटबाजी प्रारम्भ हो जाती है तो समाज का विकास वही रुक जाता है और इसमें किसी एक का नहीं बल्कि सभी का नुकसान होता है। किसी की टांग खींच कर हम हकीकत में खुद को पीछे धकेल रहे होते हैं। तो जो लोग समाज में गुटबाजी कर अव्यवस्था फैलाते हैं उनसे मेरा ये कहना है कि किसी की टांग खींचकर पीछे खिसकने से बेहतर है दूसरों का हाथ पकड़ कर आगे बढ़े। छल और कपट से कुछ लोगों को जीता जा सकता है मगर पूरे समाज का दिल नहीं जीत सकते। दूसरी ओर जो लोग समर्पित भाव से समाज को अपनी सेवाएं दे रहे हैं उनसे इतना ही कहूंगी कि आप अपनी मेहनत और शक्ति पर विश्वास रख सत्य के साथ आगे बढ़े तो विजय निश्चय ही आपकी होगी। **जुगनू के चमकने से सूरज नहीं छुपता।**

एक और बात समारोह में रखी गयी जो कि सत्यता भी है कि हमारा समाज आज भी एक पिछड़ा समाज है। मुझे बहुत दुःख होता है कि हमारे समाज के नाम के साथ पिछड़ा शब्द जोड़ा जाता है। यह शब्द तब तक जोड़ा जाता रहेगा जब तक हमारी मानसिकता से पिछड़ा शब्द दूर नहीं होगा। समाज के लोग एक दूसरे की सहायता व सहयोग करना ही नहीं चाहते। हमारे समाज में इतनी विलक्षण योग्यताएं हैं कि यदि उन्हें समुचित सहायता व माहौल मिले तो हम न केवल भारतवर्ष के कोने-कोने में, बल्कि विदेशों में भी अपनी पहचान व नाम का परचम लहरा दें। मैंने बार-बार कहा है कि समाज के जो लोग राजनैतिक, शैक्षणिक, ज्ञान-विज्ञान, खेलकूद, कला, प्रौद्योगिकी तथा अन्य क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन कर रहे हैं, उनकी यथा संभव मदद करें। उन्हें लोकप्रियता व विकास की दिशा में आगे बढ़ने हेतु हर संभव सहयोग करें ताकि हमारा समाज इन होनहारों के प्रयासों से एक बलवान व समृद्ध समाज बन सके। इसी प्रकार राजनैतिक क्षेत्र में आगे बढ़ रहे सदस्यों को समर्पित भाव से सहयोग दें। राष्ट्रीय राजनैतिक दल विशेष के प्रति आस्था व अंधभक्ति को त्यागकर एक ऐसी रणनीति बनाएं कि सभी बड़े दलों में हमारे समाज के लोग हों ताकि फिर सरकार कोई भी हो प्रशासन में हमारे समाज का वर्चस्व हो। मेरा कहना सिर्फ यह है कि समाज को आगे बढ़ाना है तो समाज का साथ दें, समाज के ही सदस्य का समर्थन करें। पार्टियां आती-जाती रहती हैं मुद्दा यह है कि हमारे समाज के व्यक्ति सदैव राजनीति में उच्च पदों पर आसीन हों।

अब सबसे महत्वपूर्ण विषय जिस पर समारोह में बात हुई वह है **'कुमावत गाथा'**। सर्वप्रथम तो कुमावत गाथा के रूप में **कुमावत समाज के गौरवशाली इतिहास को प्रकाशित करने के लिए 'कुमावत पत्रिका' को बहुत-बहुत बधाई।** वरिष्ठ पत्रकार श्री जितेन्द्र सिंह शेखावत तथा श्री मुकेश वर्मा को इस अमूल्य निधि के सृजन में सहयोग के लिए बहुत-ब्हुत धन्यवाद। मैं पत्रिका को यह सलाह देना चाहूंगी कि कुमावत गाथा को एक पृथक पुस्तिका के रूप में प्रकाशित किया जाएं। इस पुस्तक का अपना एक स्वतंत्र अस्तित्व हो। इसके साथ ही पुस्तिका का वितरण सभी राज्यों में समाज की प्रमुख संस्थाओं को किया जाएं जिससे यह देशभर में पहुंच सके तथा प्रत्येक तीन वर्ष में इसका नवीन संस्करण निकाला जाएं और न केवल समाज में निर्मित नवीन भवनों, विद्यालयों तथा इमारतों का उल्लेख उसमें सम्मिलित किया जाएं बल्कि इसके

अतिरिक्त समाज की अन्य बड़ी उपलब्धियों जिनसे समाज का नाम रोशन हो, उनका भी इसमें समावेश किया जाए। इस कड़ी में मेरा अभी एक सुझाव है कि राजस्थान में गठित 'स्थापत्य कला बोर्ड' में कुमावत समाज के श्री मुकेश वर्मा के योगदान से सभी परिचित है। श्री मुकेश वर्मा ने अपनी राजनैतिक सक्षमता से समाज को एक अतुल्य उपहार दिया है। इसके लिए समाज इनका सदैव ऋणी रहेगा। मेरा यह सुझाव है कि कुमावत गाथा में इनके योगदान का भी उल्लेख किया जाए ताकि भविष्य में सर्वविदित हो कि इस गठन की सम्पूर्ण प्रक्रिया के वास्तविक श्रेय के अधिकारी श्री मुकेश जी हैं क्योंकि पहले भी ऐसे वाकये हुए हैं जब समाज के कुछ महान सेवकों ने जी तोड़ मेहनत व कोशिशों से खून-पसीना बहाकर समाज को ऐसी अनुपम व अनमोल धरोहरें दी मगर वे लोग नींव का पत्थर बन गाथाओं से लुप्त हो गये। **चन्द छुट-पुट लोग जिनकी औकात, धेलेभर की नहीं है आज कंगूरे बन कर सिर पर आ बैठे हैं। ऐसी कहानियां पुनः नहीं दोहरायी जाएं, यही प्रयत्न हमें करने हैं।** वास्तव में यह पुस्तक हमारे इतिहास की सत्यता को प्रमाणित करने में भविष्य में सदैव एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाऐगी। यह न सिर्फ एक पुस्तक बल्कि समाज की वो बुलन्द आवाज होगी जो खुद अपनी गाथा बयां करेगी।

एक बार फिर '**कुमावत इंडिया**' परिवार को छः सफलतम वर्ष पूर्ण करने के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

- उर्वशी बालोदिया

महाशक्ति की आराधना का पर्व : नवरात्रि

हमारे देश की संस्कृति अक्षुण्ण है क्योंकि इसके निर्माण का आधार हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा प्रकृति के गहन और वैज्ञानिक अध्ययन के आधार पर सोच विचार कर किया गया है। इसमें भक्ति, तप, पूजन, योग, उपासना सबका समावेश किसी न किसी रूप में अवश्य है। ये सब हमारे तन, मन, को उर्जावान, निरोगी रखने में पूरा योगदान देते हैं। इन सब आधारों पर ध्यान दें तो हमारी संस्कृति में पर्व व त्यौहार का महत्व बहुत बड़ा है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश से त्रिदेव, सृष्टि के सृजन, संचालन व संहारक सब कार्यों के इष्ट देव हैं किंतु इस निर्माण के पीछे शक्ति का प्रतीक माने जाने वाली दैवीय शक्ति को कोई नकार नहीं सकता और नौ दिन तक इसकी उपासना का पर्व ही 'नवरात्र' के रूप में माना जाता है। इन शक्तियों को प्राप्त करने, जगाने का महत्वपूर्ण समय रात्रि ही है क्योंकि दिनभर के कोलाहल व सूर्य की किरणें दिन के समय रेडियो तरंगों को जिस प्रकार रोकती है ठीक उसी प्रकार मंत्र जाप की सूक्ष्म तरंगों को सूर्य की इन आवाज और रेडियो तरंगों को आगे बढ़ने से रोक देती है, इसीलिए हमारे सभी त्यौहार, होली, दीपावली, शिवरात्रि, नवरात्रि आदि रात में मनाए जाते हैं।

इसका एक और वैज्ञानिक आधार यह है कि वर्षभर में पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा के दौरान चार संधियां पड़ती हैं जिनमें मार्च व सितम्बर में दो मुख्य नवरात्र मनाए जाते हैं और इस समय ऋतु अनुसार रोग वृद्धि चरम पर होने या किटाणु सर्वाधिक होने के कारण इसमें खानपान, नियम, तप आदि का अधिक ध्यान व शक्ति अर्जन कर रोगों आदि से दूर रखने का साधन नवरात्र है।

अमावस्या की रात से अष्टमी तक या पड़वा से नवमी तक ये नौ रातें नवरात्र नाम को सार्थक करती हैं।

नवरात्र के पूरे नौ दिन तक शक्ति स्वरूपा माँ के नौ नाम के अनुसार इनका पूजन किया जाता है। मुहूर्त के अनुसार प्रथम दिन घट स्थापना करके पवित्र अनाज जौ जिन्हें स्थानीय भाषा में जुआरें बोला जाता है, उगाए जाते हैं। जयपुर में आमेर स्थित शिला माता के मंदिर (आमेर) में पूरे नौ दिन मेला लगता है तथा माता के जयकारे लगाए जाते हैं।

नवरात्र मनाने का धार्मिक कारण, दानव महिषासुर को मिला अमरत्व का वरदान था लेकिन शर्तानुसार उसका वध कोई महिला कर सकती थी लेकिन वह समझ बैठा की कोई महिला इतनी शक्तिशाली हो नहीं सकती जो उसका वध कर दे। अतः उसके अत्यधिक अत्याचारों से परेशान होकर त्रिदेव ने एक ऐसी देवी, दुर्गा को बनाने का फैसला किया और इसी दुर्गा ने 10 दिन तक इस राक्षस से लड़ाई कर अंततः इसका वध कर दिया। इस नवरात्र को मनाने के पीछे सबके अपने-अपने मंतव्य हैं किन्तु मुख्यतः यह शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा की प्रसन्नता व आशीर्वाद पाने का एक धार्मिक जरिया है जिसे व्रत, तप, त्याग, शील, अध्यात्म, भक्ति सभी मार्गों का समावेश करके मनाया जाता है। देवी को प्रसन्न करने हेतु करीब-करीब सभी प्रांतों में आजकल विशाल पांडाल सजाकर मां दुर्गा के दरबार में गरबा किया जाता है जो हमें व हमारी संस्कृति को आपस में जोड़े रखने का काम करता है। श्राद्ध पक्ष की समाप्ति के साथ ही नवरात्र के उत्सव शुरू हो जाते हैं। सभी पाठकों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। - **भारती तोंदवाल**

राजसमंद कुमावत महिला मण्डल गठित

4 सितम्बर, 2023 राजसमंद। कुमावत समाज महिला मण्डल राजसमंद की बैठक तरुणा धनारिया जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। ऊर्जावान, कर्मठ महिलाओं की नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में पूजा वनावड़िया को नगर अध्यक्ष, मंजू सिंघनवाल को नगर महामंत्री व रेखा धनारिया को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष तरुणा ने सभी नवनिर्वाचित सदस्याओं को बधाई दी।

मातृशक्ति की स्थिति और आवश्यक विचार

वर्तमान में नारी जाति का महान् तिरस्कार व घोर अपमान किया जा रहा है। नारी के महान् मातृरूप को नष्ट करके उसको मात्र भोग्या स्त्री का रूप दिया जा रहा है। भोग्या स्त्री तो वेश्या होती है। जितना आदर माता (मातृशक्ति) का है, उतना आदर स्त्री (भोग्या) का नहीं है। परंतु जो स्त्री को भोग्या मानते हैं, स्त्री के गुलाम हैं, वे भोगी पुरुष इस बात को क्या समझें? समझ ही नहीं सकते। विवाह माता बनने के लिये किया जाता है, भोग्या बनने के लिये नहीं। संतान पैदा करने के लिये ही पिता कन्यादान करता है और संतान पैदा करके (वंशवृद्धि) के लिये ही वरपक्ष, कन्यादान स्वीकार करता है। परंतु आज नारी को माँ बनने से रोका जा रहा है और उसको केवल भोग्या बनाया जा रहा है। यह नारी-जाति का कितना महान् तिरस्कार है!

नारी वास्तव में मातृशक्ति है। वह स्त्री और पुरुष—दोनों की जननी है। वह पत्नी तो केवल पुरुष की ही बनती है, पर माँ पुरुष की भी बनती है और स्त्री की भी। पुरुष अच्छा होता है तो उसकी केवल अपने ही कुल में महिमा होती है, पर स्त्री अच्छी होती है तो उसकी पीहर और ससुराल दोनों कुलों में महिमा होती है।

आजकल विवाह से पहले कन्या के स्वभाव, सहिष्णुता, आस्तिकता, धार्मिकता, कार्य-कुशलता आदि गुणों को न देखकर शारीरिक सुन्दरता को ही देखा जाता है। कन्या की परीक्षा, परिणाम की दृष्टि से न करके तात्कालिक भोग की दृष्टि से की जाती है। यह विचार नहीं करते कि अच्छा स्वभाव तो सदा साथ रहेगा, पर सुन्दरता कितने दिन तक टिकेगी।

ऐसे भोगी व्यक्ति ही नसबंदी, गर्भपात आदि महापाप करते हैं। विवाह वंशवृद्धि के लिये किया जाता है। यदि कन्या सद्गुणी व सदाचारी होगी तो विवाह के बाद उसकी सन्तान भी सद्गुणी व सदाचारी होगी; क्योंकि प्रायः माँ का ही स्वभाव सन्तान में आता है। एक मारवाड़ी कहावत है—**'नर नानाणे जाये है'** अर्थात् बालक का स्वभाव उसके ननिहाल पर जाता है। **'माँ पर पूत, पिता पर घोड़ा, बहुत नहीं तो थोड़ा-थोड़ा।'**

कन्या का दान देने में भी उसका आदर है, तिरस्कार नहीं। यह दूसरे दान की तरह नहीं है। दूसरे दान में तो दान दी हुई वस्तु पर दाता का अधिकार नहीं रहता, पर कन्या से संतान पैदा होने के बाद माता-पिता का कन्या पर अधिकार हो जाता है और वे आवश्यकता पड़ने पर उसके घर का अन्न-जल ले सकते हैं। कारण कि कन्या के पति ने केवल पितृऋण से मुक्त होने के लिये ही कन्या स्वीकार की है और उससे संतान पैदा होने पर वह पितृऋण से मुक्त हो जाता है। इसलिये गोत्र दूसरा होने पर भी दौहित्र अपने नाना-नानी का श्राद्ध-तर्पण करता है, जो कि लोक में और शास्त्रों में प्रचलित है।

हमारे शास्त्रों में नारी-जाति को बहुत आदर दिया गया है। स्त्री की रक्षा करने के उद्देश्य से शास्त्र ने उसको पिता, पति अथवा पुत्र के आश्रित रहने की आज्ञा दी है, जिससे वह जगह-जगह ठोकरें न खाती फिरे, वेश्या न बन जाय। स्त्री नौकरी करे तो यह उसका तिरस्कार है। उसकी महिमा तो घर में रहने से ही है। घर में वह महारानी है, पर घर से बाहर वह नौकरानी है। घर में तो वह एक पुरुष के अधीन रहेगी पर बाहर उसको अनेक स्त्री-पुरुषों के अधीन रहना पड़ेगा, अपने से ऊँचे पद वाले अफसरों की अधीनता, फटकार, तिरस्कार सहन करना पड़ेगा, जो कि उसके कोमल हृदय व स्वभाव के विरुद्ध है।

स्त्री बाहर का काम ठीक नहीं कर सकती और पुरुष घर का काम ठीक नहीं कर सकता। स्त्री नौकरी करती है, घर का काम करती है! पुरुष शेखी बघारते हैं कि स्त्रियाँ घर में क्या काम करती हैं, काम तो हम करते हैं, पैसा हम कमाते हैं! अगर पुरुष घर में एक दिन भी रसोई का काम करे और बच्चे को गोद में रखे तो पता लग जायगा कि स्त्रियाँ क्या काम करती हैं! अगर स्त्री का निधन हो जाए तो बच्चों को सास, नानी, बहन व बूआ के पास भेज देते हैं; क्योंकि पुरुष उनका पालन नहीं कर सकते। परंतु पति का निधन हो जाय तो स्त्री कष्ट सहकर भी बच्चों का पालन कर लेती है, उनको पढ़ा-लिखा कर योग्य बना देती है। कारण कि स्त्री मातृशक्ति है, उसमें पालन करने की योग्यता है। मैंने छोटे लड़के-लड़कियों को देखा है। लड़की को कोई चीज मिल जाय तो वह उसको जेब में रख लेती है कि अपने छोटे बहन-भाइयों को दूँगी, पर लड़के को कोई चीज मिले तो वह उसे खा लेता है। कोई साधु या दरिद्र भूखा हो तो पुरुष उसके पास से निकल जायँगे, उनके मन में उसे खिलाने का भाव आयेगा ही नहीं। परंतु स्त्रियाँ पूछ लेंगी कि बाबाजी, कुछ खाओगे क्या? कारण कि स्त्रियों के स्वभाव में दया है। उनको बच्चों का पालन-पोषण करना है, इसलिये भगवान् ने उनको ऐसा हृदय दिया है।

'माँ' शब्द कहने से जो भाव पैदा होता है, वैसा भाव 'स्त्री' कहने से नहीं पैदा होता। इसलिये श्रीशंकराचार्यजी महाराज भगवान् श्रीकृष्ण को भी 'माँ' कहकर पुकारते हैं **'मातःकृष्णाभिधाने'** (प्रबोध0 244)। उपनिषदों में **'मातृदेवो भव, पितृदेवो भव'** कहकर सबसे पहले माँ की सेवा करने की आज्ञा दी गयी है। 'वन्दे मातरम' में भी माँ की ही वन्दना की गयी है। हिन्दूधर्म में मातृशक्ति की उपासना का विशेष महत्त्व है। ईश्वरकोटि के पाँच देवताओं में भी मातृशक्ति (भगवती) का स्थान है। देवीभागवत, दुर्गासप्तशती आदि अनेक ग्रन्थ मातृशक्ति पर ही रचे गये हैं। जगत् की सम्पूर्ण स्त्रियों को मातृशक्ति का ही रूप माना गया है **शेष पृष्ठ 19 पर ...**

राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पर अमरचंद कुदीवाल (कुमावत) मनोनीत

सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पर श्री अमरचंद कुदीवाल (कुमावत) समाजसेवी निवासी- एकता नगर, धाबास, जयपुर मनोनीत किए गये हैं।

कोरोना की विभीषिका को देखकर इन्होंने मानव सेवा का संकल्प लिया तथा मानव जन कल्याण सेवा संस्थान के संस्थापक बने। इन्होंने मानव सेवा के अतिरिक्त पिछले वर्ष प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं अन्य प्रतिभाओं सहित कुल 436 प्रतिभाओं को सम्मानित किया तथा सर्वसमाज नि:शुल्क विवाह सम्मेलन आयोजित कर 9 जोड़ों का विवाह भी सम्पन्न कराया।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से श्री अमरचंद कुदीवाल के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर हार्दिक बधाई।

संजीव वर्मा प्रदेश युवा अध्यक्ष

सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा के राजस्थान प्रदेश युवा अध्यक्ष पर श्री संजीव वर्मा समाजसेवी जयपुर मनोनीत किए गये हैं। श्री वर्मा लम्बे समय से सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहे हैं। इनके द्वारा स्थापित लोट्स इण्डिया फाउण्डेशन में इन्होंने ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित किए हैं। महिला एवं बच्चों के वेलफेयर के लिए तथा पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। आप अभी प्रदेश बीजेपी मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य हैं तथा सल्यूट तिरंगा के राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष हैं।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से श्री संजीव वर्मा के राजस्थान प्रदेश युवा अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर हार्दिक बधाई।

श्रीमती भारती वर्मा (तोंदवाल) महिला प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि.) द्वारा श्रीमती भारती वर्मा (तोंदवाल) को राजस्थान महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्रीमती भारती तोंदवाल एक प्रखर सामाजिक कार्यकर्ता हैं तथा उद्घोषक के रूप में अनेक सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। ये कुमावत क्षत्रिय समाज विकास समिति मालवीय नगर, जयपुर की उपाध्यक्ष तथा मासिक पत्रिका 'कुमावत इंडिया' की सचिव हैं। इनके प्रगतिशील लेख 'कुमावत इंडिया' पत्रिका में अक्सर प्रकाशित होते हैं। इसके अलावा ये अनेक संस्थाओं में पदाधिकारी हैं।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से श्रीमती भारती तोंदवाल को सर्वकुमावत क्षत्रिय महासभा की प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर **हार्दिक बधाई**। आशा है कि इससे समाज की महिलाओं को नई दिशा मिलेगी व समाज की महिलाएं उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर होंगी।

श्री अकिंचन जी द्वारा 886वीं श्रीमद्भागवत कथा की गई

हरीनाम संकीर्तन परिवार के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा का 886वाँ आयोजन 8-14 सितम्बर, 2023 श्रद्धेय संत श्री मुरली मनोहर 'अकिंचन' की रसमयी वाणी में जेएलएन मार्ग जयपुर पर सम्पन्न किया गया। इस आयोजन को समस्त गर्ग परिवार द्वारा कराया गया था।

श्रद्धेय संत श्री अकिंचन जी द्वारा श्रीमद्भागवत के अतिरिक्त राम कथा, हनुमत चरित्र कथा, भरत चरित्र कथा तथा नानीबाई का मायरा कथा की जाती है। अनेक प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों पर भी इनके द्वारा कथा की गई है जिसमें सैकड़ों की संख्या में जयपुर व आसपास के जिलों, दिल्ली तथा आगरा से इनके अनुयायियों ने भाग लेकर के कथा रस श्रवण का आनन्द लिया है।

आदरणीय मुरली मनोहर जी अकिंचन जी ने लगातार 108 से अधिक भागवत कथाओं में कथा रस से भक्तों को भावविभोर किया है, ऐसा दुर्लभ दृष्टान्त कम ही मिलते हैं।

श्री ललित तूनवाल

